# UPTET Top 100 Hindi Language Questions

**निर्देश (1-5):** संज्ञा से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q1.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द है?
(a) सोना
(b) पुस्तक
(c) ऋग्वेद
(d) ताजगी

**Q2.** निम्नलिखित में से कौन सा विशेषण, संज्ञा शब्द से नहीं बना है?
(a) ईर्ष्यालु
(b) पतित
(c) अधिकारी
(d) आर्थिक

**Q3.** निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द संज्ञा से बने हुए विशेषण नहीं है?
(a) विषैला, कंकरीला
(b) ध्यानपूर्वक, बिलकुल
(c) पठनीय, जलमय
(d) फलदायक, आरामदायक

**Q4.** निम्न में से कौन सा शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?
(a) मिठाई
(b) चतुराई
(c) लड़ाई
(d) उतराई

**Q5.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है-
(a) गाय
(b) पहाड़
(c) यमुना
(d) आम

**निर्देश (6-10):** सर्वनाम से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q6.** निम्न में से निश्चय वाचक सर्वनाम कौन सा है?
(a) क्या
(b) कुछ
(c) कौन
(d) यह

**Q7.** संबंधवाचक सर्वनाम का चयन कीजिए-
(a) मैं, तुम, हम
(b) यह, वह
(c) कोई, कुछ
(d) जो, सो

**Q8.** 'मुझे' किस प्रकार का सर्वनाम है?
(a) उत्तम पुरुष
(b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q9.** निम्नलिखित वाक्यों में से किस वाक्य में सर्वनाम का अशुद्ध प्रयोग हुआ है?
(a) वह स्वयं यहाँ नहीं आना चाहती
(b) आपके आग्रह पर मैं दिल्ली जा सकता हूँ
(c) मैं तेरे को घड़ी दूँगा।
(d) मुझे इस बैठक की सूचना नहीं थी।

**Q10.** 'आपका' किस प्रकार का सर्वनाम है?
(a) उत्तम पुरुष
(b) मध्यम पुरुष
(c) अन्य पुरुष
(d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (11-15):** विशेषण से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q11.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विशेषण है?
(a) सुन्दरता
(b) कवि
(c) विद्वान्
(d) भलाई

**Q12.** 'कमीज के लिए डेढ़ मीटर कपड़ा चाहिए', इसमें किस कोटि का विशेषण प्रयुक्त हुआ है?
(a) गुणवाचक
(b) प्रश्नवाचक
(c) संख्यावाचक
(d) परिणामवाचक

**Q13.** किस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है?
(a) वह विद्यार्थी है
(b) वह लड़का विद्यार्थी है
(c) वह प्रबुद्ध विद्यार्थी है
(d) वह परिश्रमी भी है

**Q14.** इनमें से किस वाक्य में गलत विशेषण प्रयुक्त हुआ है?
(a) कविता परिश्रमी युवती है
(b) प्रबुद्धजनों से हमारी अपेक्षा है
(c) यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है
(d) वह अच्छा आदमी था, लेकिन काम न आया

**Q15.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में गलत विशेषण प्रयुक्त हुआ है?
(a) कविता परिश्रमी युवती है
(b) प्रबुद्धजनों से हमारी अपेक्षा है
(c) यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है
(d) वह अच्छा आदमी था, लेकिन काम न आया

**निर्देश (16-20):** क्रिया से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q16.** निम्नलिखित में से 'सकर्मक क्रिया' कौन सी है?
(a) दौड़ना
(b) रूठना
(c) मुस्कराना
(d) पीना

**Q17.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया प्रयुक्त हुई है?
(a) श्याम भात खाता है
(b) ज्योति रोती है
(c) मैंने उसे पुस्तक दी
(d) उसकी कमीज है

**Q18.** निम्नलिखित में से पूर्वकालिक क्रिया किस विकल्प में है?
(a) सीता घर में बैठी थी
(b) वह कल आया था
(c) राम मोहन को मारकर भाग गया
(d) खून खौलना

**Q19.** निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया का वाक्य है-
(a) मंदाकनी सोती है
(b) बालिका निबन्ध लिखती है
(c) पक्षी आकाश में उड़ते हैं
(d) बालक खिलौना पाकर हँसता है

**Q20.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?
(a) गेहूं पिस रहा है
(b) मैं बालक को जगवाता हूँ
(c) मदन गोपाल को हँसा रहा है
(d) राम पत्र लिखता है

**निर्देश (21-25):** पर्यायवाची शब्दों से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए

**Q21.** 'विद्युत' शब्द के लिए नीचे दिए विकल्पों में से पर्यायवाची शब्द छाँटिए -
(a) यामिनी
(b) दामिनी
(c) चमक
(d) पयोद

**Q22.** 'अज' शब्द के लिए नीचे दिए विकल्पों में से पर्यायवाची शब्द छाँटिए -
(a) प्रतिभा
(b) फूल
(c) वृक्ष
(d) ब्रह्मा

**Q23.** 'विपिन' शब्द के लिए उचित पर्यायवाची का चयन कीजिए
(a) वन
(b) असुर
(c) शिव
(d) अमृत

**Q24.** 'शत्रु' का पर्यायवाची शब्द है-
(a) सहचर
(b) अरि
(c) मनुज
(d) सखा

**Q25.** 'अनिल' का पर्यायवाची शब्द है-
(a) चक्रवात
(b) पावस
(c) पवन
(d) अनल

**निर्देश (26-30):** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में दिए गए शब्द का उपयुक्त विलोम शब्द बताने के लिए चार चार विकल्प प्रस्तावित हैं। उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q26.** 'परोक्ष' का विपरीतार्थक शब्द है-
(a) विपक्ष
(b) प्रत्यक्ष
(c) उत्कर्ष
(d) अपकर्ष

**Q27.** 'स्थावर' का विपरीतार्थक शब्द है-
(a) दंगल
(b) जंगम
(c) मंगल
(d) दीवान

**Q28.** 'सामिष' का विपरीतार्थक शब्द है-
(a) स्थूल
(b) निरामिष
(c) संक्षेप
(d) निषेध

**Q29.** 'संकीर्ण' का विपरीतार्थक शब्द है-
(a) विस्तीर्ण
(b) तिरस्कार
(c) संकुचित
(d) निरर्थक

**Q30.** 'प्राचीन' का विपरीतार्थक शब्द है-
(a) आप्राचीन
(b) अर्वाचीन
(c) अतिप्राचीन
(d) पराप्राचीन

**निर्देश (31-35):** अनेकार्थी शब्दों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q31.** निम्न में से कौन सा शब्द, 'हरि का अनेकार्थी शब्द नहीं है?
(a) इंद्र
(b) बंदर
(c) सर्प
(d) हस्ती

**Q32.** मोर, चन्द्रमा, कमल और सिंह, किस शब्द के अनेकार्थी शब्द हैं?
(a) उर्मी
(b) आत्मा
(c) सारंग
(d) अग्र

**Q33.** 'द्विज' शब्द का अनेकार्थी शब्द है-
(a) ब्राह्मण
(b) दाँत
(c) पक्षी
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q34.** निम्न में से कौन सा शब्द, 'पानी' का भी अर्थ देता है?
(a) जंगल
(b) वन
(c) अरण्य
(d) कानन

**Q35.** शराब, शहद, बसंत एवं दूध, निम्न में से किस शब्द के अनेकार्थी शब्द हैं?
(a) धार
(b) मधु
(c) दल
(d) जरा

**निर्देश (36-40)** अव्यय से सम्बंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q36.** निम्न में से कौन सा अव्यय न्यूनताबोधक है?
(a) कुछ
(b) थोड़ा
(c) टुक
(d) ये सभी

**Q37.** निपात है-
(a) विशेषण
(b) सर्वनाम
(c) अव्यय
(d) क्रिया

**Q38.** "छोटे बच्चे तक बात नहीं मानते" इस वाक्य में निपात है-
(a) छोटे
(b) बच्चे
(c) तक
(d) मानते

**Q39.** 'तुम्हें आना ही पड़ेगा' इस वाक्य में निपात है-
(a) तुम्हें
(b) ही
(c) आना
(d) पड़ेगा

**Q40.** निम्न में से कौन सा विस्मयादिबोधक अव्यय है?
(a) वाह!
(b) प्रतिदिन
(c) इसलिए
(d) परन्तु

**निर्देश (41-50):** निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q41.** 'अर्जुन ने कर्ण को मारा' इस वाक्य में उद्देश्य की पहचान कीजिए।
(a) कर्ण को
(b) मारा
(c) अर्जुन ने
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q42.** 'मैंने उसे पीटा' इस वाक्य में विधेय की पहचान कीजिए।
(a) मैंने
(b) उसे
(c) उसे पीटा
(d) उपरोक्त सभी

**Q43.** वाक्य के कितने अंग होते हैं?
(a) उद्देश्य
(b) विधेय
(c) उद्देश्य व विधेय
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q44.** जिस वाक्य में केवल एक ही उद्देश्य व एक ही विधेय होता है, वह है -
(a) सरल वाक्य / साधारण वाक्य
(b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्रित वाक्य
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q45.** 'भगवान तुम्हें लम्बी उम्र दें' यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) प्रश्नार्थक वाक्य
(b) इच्छार्थक वाक्य
(c) संकेतार्थक वाक्य
(d) विस्मयादिबोधक वाक्य

**Q46.** हिंदी वाक्य में साधारणत: संरचना क्रम की प्रवृति मिलती है-
(a) कर्ता-क्रिया-कर्म
(b) कर्ता-कर्म-क्रिया
(c) कर्म-कर्ता-क्रिया
(d) क्रिया-कर्म-कर्ता

**Q47.** 'गौरव तुम बैठ कर पढ़ो' यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) निषेधवाचक
(b) विधानवाचक
(c) प्रश्नवाचक
(d) आज्ञावाचक

**Q48.** 'मैंने दूध पिया' किस प्रकार का वाक्य है?
(a) विधानवाचक
(b) निषेधवाचक
(c) आज्ञावाचक
(d) प्रश्नवाचक

**Q49.** 'यदि परिश्रम करोगे तो, उत्तीर्ण हो जाओगे', यह किस प्रकार का वाक्य है?
(a) सरल वाक्य / साधारण वाक्य
(b) संयुक्त वाक्य
(c) मिश्रित वाक्य
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q50.** संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए-
(a) राम पुस्तक पढ़ रहा है।
(b) शिल्पी पत्र लिखती है।
(c) धर्मेन्द्र ने भोजन किया।
(d) वह सुबह गया और शाम को लौट आया।

**निर्देश (51-65):** वर्णमाला एवं विराम चिह्न से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q51.** 'क्ष' वर्ण किसके योग से बना है?
(a) क् + ष
(b) क् + च
(c) क् + छ
(d) क् + श

**Q52.** य, र, ल,व – किस वर्ग के व्यंजन हैं?
(a) तालव्य
(b) उष्म
(c) अंतस्थ
(d) ओष्ठ्य

**Q53.** हिन्दी वर्णमाला में 'अयोगवाह' वर्ण कौन-से है ?
(a) अ, आ
(b) इ, ई
(c) उ, ऊ
(d) अं, अ:

**Q54.** 'ज्ञ' वर्ण किसके योग से बना है?
(a) ज् + ञ
(b) ज् + न
(c) ज् + य
(d) ज् + अ

**Q55.** हिंदी वर्णमाला में ऊष्म व्यंजन कौन से हैं?
(a) श, ष, स, ह
(b) त, थ, द, ध
(c) ट, ठ, ड, ढ
(d) च, छ, ज, झ

**Q56.** 'क्ष' ध्वनी किसके अंतर्गत आती है?
(a) मूल स्वर
(b) घोष वर्ण
(c) संयुक्त वर्ण
(d) तालव्य

**Q57.** निम्नलिखित में से कंठ्य ध्वनियाँ कौन-सी हैं?
(a) क्, ख्
(b) य्, र्
(c) च्, ज्
(d) ट्, ण्

**Q58.** निम्नलिखित में से तालव्य व्यंजन कौन से हैं?
(a) द, ट, ड, ढ
(b) च, छ, ज, झ
(c) त, थ, द, ध
(d) म, फ, ज, भ

**Q59.** किस शब्द में 'ऋ' स्वर नहीं है?
(a) कृपा
(b) कृष्ण
(c) दृष्टि
(d) रात

**Q60.** 'र' और 'ल' वर्ण किसके अंतर्गत आते हैं?
(a) स्पर्श व्यंजन
(b) अंतस्थ व्यंजन
(c) उष्म व्यंजन
(d) संयुक्त व्यंजन

**Q61.** निम्न में से किस विकल्प में अल्पविराम चिह्न लगा है?
(a) नदी के किनारे टहल रहा था ; मंद-मंद हवा बह रही थी
(b) अंतिम गेंद।
(c) विज्ञान : अभिशाप या वरदान
(d) परन्तु,

**Q62.** निम्न में से किस विकल्प में संयोजक चिह्न का प्रयोग हुआ है?
(a) डॉ. नारायण सिंह
(b) देवी-देवताओं की पूजा करनी चाहिए
(c) वाह ! अच्छा किया
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q63.** निम्न में से किस विकल्प में 'लाघव चिह्न' का प्रयोग हुआ है?
(a) माता-पिता की सेवा करनी चाहिए
(b) बाप से इतना
(c) डॉ. राहत इंदौरी एक शायर हैं
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q64.** निम्न में से किस विकल्प में विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग हुआ है?
(a) वाह ! क्या बात है
(b) हिन्दुस्तान की विजय।
(c) राम के दो पुत्र थे – लव और कुश
(d) इनमें से कोई नहीं

**Q65.** निम्न में से किस विकल्प में उप विराम का प्रयोग हुआ है?
(a) कश्मीर : एक केंद्रशासित प्रदेश
(b) डॉक्टर तुम्हें क्या हुआ
(c) क्या आप पढ़ते हैं?
(d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (66-70):** तत्सम, तद्भव से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q66.** निम्न में से कौन सा शब्द तद्भव है?
(a) दिन
(b) अंधकार
(c) स्कन्ध
(d) कपास

**Q67.** 'घोटक' का तद्भव रूप क्या है?
(a) हय
(b) अश्व
(c) घोड़ा
(d) तुरंग

**Q68.** निम्नलिखित में तत्सम शब्द है-
(a) कान
(b) जीभ
(c) मुख
(d) दाँत

**Q69.** निम्नलिखित में से कौन शब्द 'तत्सम' नहीं है?
(a) आँख
(b) नयन
(c) नेत्र
(d) दृग

**Q70.** निम्न शब्दों में से विदेशज शब्द का चयन करें-
(a) जहर
(b) जीर्ण
(c) वृद्ध
(d) दाता

**निर्देश (71-75):** उपसर्ग, प्रत्यय से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q71.** 'चिल्लाहट' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-
(a) चि
(b) हट
(c) आहट
(d) लाहट

**Q72.** 'पवित्र' शब्द में प्रत्यय है-
(a) इत्र
(b) वित्र
(c) प
(d) पवि

**Q73.** "अधिक या आगे" अर्थ वैशिष्ट्य बताने वाला उपसर्ग कौन सा है?
(a) कु
(b) प्र
(c) अव
(d) अनु

**Q74.** 'निर्वाह' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है?
(a) नि
(b) नि:
(c) निर्
(d) निरि

**Q75.** 'झगड़ालू' शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए-
(a) झगड़ + आलू
(b) झगड़ा + लू
(c) झग + ड़ालू
(d) झगड़ + अलु

**निर्देश (76-80):** समास से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q76.** 'निर्विवाद' में समास है-
(a) कर्मधारय
(b) अव्ययीभाव
(c) तत्पुरुष
(d) बहुव्रीहि

**Q77.** 'यथाशीघ्र' शब्द में समास है-
(a) अव्ययीभाव
(b) द्वन्द्व
(c) कर्मधारय
(d) तत्पुरुष

**Q78.** 'अकाल- पीड़ित' में समास है-
(a) कर्मधारय
(b) द्वन्द्व
(c) तत्पुरुष
(d) बहुव्रीहि

**Q79.** 'जय- पराजय' में कौन-सा समास है?
(a) अव्ययीभाव
(b) बहुब्रीहि
(c) द्वन्द्व
(d) द्विगु

**Q80.** 'सिंहद्वार' शब्द में समास है -
(a) तत्पुरुष
(b) अव्ययीभाव
(c) कर्मधारय
(d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (81-85):** मुहावरों एवं लोकोक्ति से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q81.** 'उल्टे बाँस बरेली को' इस मुहावरे के सही अर्थ का चयन कीजिए-
(a) व्यर्थ का काम करना
(b) मुर्खता का काम करना
(c) विपरीत काम करना
(d) घाटे का व्यापार करना

**Q82.** 'आधा तीतर आधा बटेर' मुहावरे का अर्थ है -
(a) उचित सामंजस्य का अभाव
(b) छोटा-बड़ा होना
(c) रंग बिरंग होना
(d) बेमेल तथा बेढंगा होना

**Q83.** 'नाच न जाने आँगन टेढ़ा', लोकोक्ति का अर्थ है -
(a) खुद पूरा ज्ञान रखना, लेकिन सामग्री या दूसरों में दोष होना
(b) खुद तो ज्ञान नही रखना और सामग्री या दूसरों को दोष देना
(c) नाचते हुए, आँगन टेढ़ा ही लगता है
(d) टेढ़े आँगन में नाचने में कठिनाई होना

**Q84.** 'ठन-ठन गोपाल' मुहावरे का अर्थ -
(a) बेकार
(b) कंगाल
(c) समय आने पर मुकर जाना
(d) घनवान

**Q85.** 'हाथ कंगन को आरसी क्या', लोकोक्ति का अर्थ है-
(a) बिलकुल पढ़ा-लिखा न होना
(b) विद्वान को धन की आवश्यकता नहीं
(c) सुंदर महिला को जेवर की जरुरत नहीं
(d) प्रत्यक्ष को प्रमाण की जरुरत नहीं

**निर्देश (86-90):** क्रिया से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q86.** निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा ऐसा वाक्य है, जिसकी क्रिया कर्ता के लिंग के अनुसार ठीक नहीं है?
(a) राम आता है
(b) घोड़ा दौड़ता है
(c) हाथी सोती है
(d) लड़की जाती है

**Q87.** इनमें से किस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' प्रयुक्त हुई है?
(a) लड़का पढ़ रहा है
(b) अंकित टीवी देख रहा है
(c) राधा नाचती है
(d) राधा नाच रही है

**Q88.** इनमें से किस वाक्य में 'सकर्मक क्रिया' प्रयुक्त हुई है?
(a) पक्षी उड़ता है।
(b) बच्चा रोता है।
(c) रेलगाड़ी चलती है।
(d) मोहन खाना बना रहा है।

**Q89.** निम्नलिखित में से पूर्वकालिक क्रिया किस विकल्प में है?
(a) मैं खाना पका कर पढ़ने लगा
(b) दुष्यन्त हेमन्त से पत्र लिखवाता है
(c) हमने खाना खाया।
(d) मेरा जी घबराता है

**Q90.** इनमें से किस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' प्रयुक्त हुई है?
(a) वह अपना सिर खुजलाता है
(b) मैं घड़ा भरता हूँ
(c) सीता आम खाती है
(d) राम सोता है

**निर्देश (91-95):** संधि-विच्छेद से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q91.** निम्नलिखित में से सही संधियुक्त शब्द कौन सा है?
(a) अत्यधिक = अत + अधिक
(b) अधोगति + अध: + गति
(c) जगदीश = जगद + ईश
(d) निर्गुण = निर + गुण

**Q92.** निम्नलिखित में से किस शब्द में गलत संधिविच्छेद हुआ है -
(a) उदाहरण = उत् + आहरण
(b) घनानंद = घन + आनंद
(c) सत्याग्रह = सत्य + ग्रह
(d) बहिर्मुख = बहि: + मुख

**Q93.** निम्नलिखित में से सही संधियुक्त शब्द कौन सा नहीं है?
(a) महोदधि = महा + उदधि
(b) अन्वेषण = अनु + एषण
(c) तपोभूमि = तपो + भूमि
(d) मात्राज्ञा = मातृ + आज्ञा

**Q94.** निम्नलिखित में से सही संधियुक्त शब्द कौन सा है?
(a) निष्ठुर = निष + ठुर
(b) महेश्वर = महा + ईश्वर
(c) यशोदा = यश + दा
(d) लम्बोदर = लम्बो + उदर

**Q95.** 'सज्जन' का सही संधि-विच्छेद है -
(a) सज + जन
(b) सत् + जन
(c) सज्ज + न
(d) स + ज्जन

**निर्देश (96-100):** मुहावरों एवं लोकोक्ति से संबंधित निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए।

**Q96.** 'चिरजीवौ जोरी जुरे, क्यों न सनेह गंभीर।
को घटि ये वृषभानुजा' वे हलधर के वीर॥
में कौन-सा अलंकार है ?
(a) वक्रोक्ति
(b) यमक
(c) श्लेष
(d) अनुप्रास

**Q97.** 'पीपर पात सरिस मन डोला' में मन क्या है?
(a) उपमेय
(b) उपमान
(c) वाचक
(d) धर्म

**Q98.** निम्न में से कौन अर्थालंकार है ?
(a) श्लेष
(b) यमक
(c) वक्रोक्ति
(d) रूपक

**Q99.** 'नील परिधान बीच सुकमार,
खुल रहा मृदुल अधखुला अंग।
खिला हो ज्यों बिजली का फूल,
मेघ बन बीच गुलाबी रंग ॥
इन पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?
(a) उत्प्रेक्षा
(b) श्लेष
(c) रूपक
(d) उपमा

**Q100.** 'अनुप्रास' का अर्थ है -
(a) समझना
(b) एक या अधिक वर्णो की वृत्ति
(c) सोचना
(d) इनमें से कोई नहीं

## Solutions

**S1. Ans.(d)**
**Sol.** 'ताजगी' शब्द में भाववाचक संज्ञा है। भाववाचक संज्ञा - जिस संज्ञा शब्द से पदार्थों की अवस्था, गुण-दोष, धर्म आदि का बोध हो उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे - बुढ़ापा, मिठास, बचपन, मोटापा, चढ़ाई, थकावट आदि।

**S2. Ans.(b)**
**Sol.** पतित 'पत' क्रिया शब्द का विशेषण है।

**S3. Ans.(b)**
**Sol.** 'ध्यानपूर्वक' एवं 'बिलकुल' संज्ञा से बने हुए विशेषण नहीं है।

**S4. Ans.(a)**
**Sol.** 'मिठाई' शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है।

**S5. Ans.(c)**
**Sol.** 'यमुना' एक व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द है।

**S6. Ans.(d)**
**Sol.** 'यह' एक निश्चयवाचक सर्वनाम है।

**S7. Ans.(d)**
**Sol.** 'जो' एवं 'सो' संबंधवाचक सर्वनाम हैं।

**S8. Ans.(a)**
**Sol.** 'मुझे', उत्तम पुरुष सर्वनाम है।

**S9. Ans.(c)**
**Sol.** 'मैं तेरे को घड़ी दूँगा' इस वाक्य में 'तेरे को' का प्रयोग गलत है इसके स्थान पर 'तुझे' या 'तुम्हें' का प्रयोग उचित है।

**S10. Ans.(b)**
**Sol.** 'आपका' मध्यम पुरुष सर्वनाम है।

**S11. Ans.(a)**
**Sol.** 'सुन्दरता' एक विशेषण शब्द है।

**S12. Ans.(d)**
**Sol.** प्रस्तुत वाक्य में परिणामवाचक वाचक विशेषण है।

**S13. Ans.(a)**
**Sol.** 'वह विद्यार्थी है' इस वाक्य में विशेषण का प्रयोग नहीं हुआ है।

**S14. Ans.(c)**
**Sol.** 'यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है' इस वाक्य में विशेषण का गलत प्रयोग हुआ है। सही प्रयोग इस प्रकार है – यही महिलाओं के लिए सरकारी अस्पताल है।

**S15. Ans.(c)**
**Sol.** 'यही सरकारी महिलाओं का अस्पताल है' इस वाक्य का सही रूप सी प्रकार है- 'यह महिलाओं का सरकारी अस्पताल है।

**S16. Ans.(d)**.
**Sol.** सकर्मक क्रिया – जिस क्रिया के साथ कर्म हो या कर्म की संभावना हो तथा जिस क्रिया का फल कर्म पर पड़ता हो, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे 'राम फल खाता है', इस वाक्य में खाना क्रिया के साथ फल कर्म है।

**S17. Ans.(b)**
**Sol.** अकर्मक क्रिया – अकर्मक क्रिया के साथ कर्म नहीं होता है तथा उसका फल कर्ता पर पड़ता है। जैसे – 'ज्योति रोती है', इस वाक्य में कर्म का अभाव है तथा रोती है क्रिया का फल राधा पर पड़ता है।

**S18. Ans.(c)**
**Sol.** पूर्वकालिक क्रिया – जब कर्ता एक क्रिया को समाप्त कर दूसरी क्रिया करना प्रारंभ करता है तब पहली क्रिया को पूर्व कालिक क्रिया कहा जाता है। जैसे राम भोजन करके सो गया।

**S19. Ans.(b)**
**Sol.** सकर्मक क्रिया – जिस क्रिया के साथ कर्म हो या कर्म की संभावना हो तथा जिस क्रिया का फल कर्म पर पड़ता हो, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे 'राम फल खाता है', इस वाक्य में खाना क्रिया के साथ फल कर्म है। सकर्मक क्रिया का वाक्य है - बालिका निबन्ध लिखती है।

**S20. Ans.(a)**
**Sol.**अकर्मक क्रिया – अकर्मक क्रिया के साथ कर्म नहीं होता है तथा उसका फल कर्ता पर पड़ता है। जैसे – 'ज्योति रोती है', इस वाक्य में कर्म का अभाव है तथा रोती है क्रिया का फल राधा पर पड़ता है।

**S21. Ans.(b)**

**Sol.** 'विद्युत' शब्द का पर्यायवाची 'दामिनी' है। 'दामिनी' का अर्थ है -आसमान में चकमने वाली बिजली, विद्युत आदि। विद्युत् के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- चंचला, सौदामनी, बिजली, घनप्रिया, इन्द्रवज्र, चपला, दामिनी, ताडित।

**S22. Ans.(d)**

**Sol.** 'अज' का पर्यायवाची है – ब्रह्मा । 'अज' का अर्थ है - अनादिकाल से विद्यमान, ब्रह्मा। 'ब्रह्मा' के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- अज, विधि, विधाता, प्रजापति, निर्माता, धाता, चतुरानन, प्रजाधिप।

**S23. Ans.(a)**

**Sol.** 'विपिन' के पर्यायवाची शब्द हैं- कानन, वन, अरण्य, गहन, अख्य, कान्तार, जंगल।

**S24. Ans.(b)**

**Sol.** 'शत्रु' का पर्यायवाची शब्द 'अरि' है। 'शत्रु' के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- रिपु, अरि, विपक्षी, अराति, दुश्मन, वैरी, अमित्र।

**S25. Ans.(c)**

**Sol.** 'अनिल' का पर्यायवाची शब्द 'पवन' है। 'अनिल' के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- पवमान, प्रभंजन, प्रवात, समीरण, मातरिश्वा, बयार, पवन, वायु, हवा, समीर, वात, मारुत।

**S26. Ans.(b)**

**S27. Ans.(b)**

**S28. Ans.(b)**

**S29. Ans.(a)**

**S30. Ans.(b)**

**S31. Ans.(d)**

**S32. Ans.(c)**

**S33. Ans.(a)**

**S34. Ans.(b)**

**S35. Ans.(b)**

**S36. Ans.(d)**

**S37. Ans.(c)**

**S38. Ans.(c)**

**S39. Ans.(b)**

**S40. Ans.(a)**

**S41. Ans.(c)**

**S42. Ans.(c)**

**S43. Ans.(c)**

**S44. Ans.(a)**

**S45. Ans.(b)**

**S46. Ans.(b)**

**S47. Ans.(d)**

**S48. Ans.(a)**

**S49. Ans.(c)**

**S50. Ans.(d)**

**S51. Ans.(a)**
**Sol.** 'क्ष' वर्ण, 'क् + ष' के योग से बनता है।

**S52. Ans.(c)**
**Sol.** 'य, र, ल, व', अंतस्थ व्यनन हैं।

**S53. Ans.(d)**
**Sol.**अयोगवाह : अनुस्वार और विसर्ग को 'अयोगवाह' कहते हैं। ये ध्वनियाँ न तो स्वर हैं और न व्यंजन। 'अयोगवाह' वर्ण (अं, अ:) हैं।

**S54. Ans.(a)**
**Sol.** 'ज्ञ' वर्ण, 'ज् + ञ' के योग से बना है।

**S55. Ans.(a)**
**Sol.** हिंदी वर्णमाला में 'श, ष, स, ह' ऊष्म व्यंजन हैं।

**S56. Ans.(c)**
**Sol.** 'क्ष' ध्वनी संयुक्त वर्ण के अंतर्गत आती है।

**S57. Ans.(a)**
**Sol.** क्, ख्, कंठ्य ध्वनियाँ हैं।

**S58. Ans.(b)**
**Sol.** 'च, छ, ज, झ', तालव्य व्यंजन हैं। तालव्य व्यंजन वो व्यंजन होते हैं जिनके उच्चारण में जीभ के पिछले भाग को तालू से संघर्ष करना पड़ता है। च वर्ग के समस्त वर्ण इसी निसर्ग के हैं और इन्हें स्पर्श संघर्षी का भी अभिधान देते हैं। जैसे कि: "च" "छ" "ज" "झ" "ञ"।

**S59. Ans.(d)**
**Sol.** 'रात' शब्द में ऋ स्वर नहीं है।

**S60. Ans.(b)**
**Sol.** 'र' और 'ल' वर्ण अंतस्थ व्यंजन हैं।

**S61. Ans.(d)**
**Sol.** विकल्प (d) में अल्पविराम चिह्न का प्रयोग हुआ है। परन्तु के बाद जो चिह्न लगा है उसे (,) अल्पविराम चिह्न कहते हैं।

**S62. Ans.(b)**
**Sol.** विकल्प (b) में संयोजक चिह्न का प्रयोग हुआ है अर्थात देवी-देवताओं के बीच जो चिह्न लगा है उसे संयोजक चिह्न(-) कहते हैं।

**S63. Ans.(c)**
**Sol.**विकल्प (c) में लाघव चिह्न का प्रयोग हुआ है। अर्थात डॉ. में जो (.) चिह्न लगा है इसे लाघव चिह्न कहते हैं।

**S64. Ans.(a)**
**Sol.**विकल्प (a) में विस्मयादिबोधक चिह्न का प्रयोग हुआ है।

**S65. Ans.(a)**
**Sol.** विकल्प (a) अर्थात 'कश्मीर : एक केंद्रशासित प्रदेश' में उप विराम का प्रयोग हुआ है।

**S66. Ans.(d)**

**S67. Ans.(c)**

**S68. Ans.(c)**

**S69. Ans.(a)**

**S70. Ans.(a)**

**S71. Ans.(c)**
**Sol.** 'चिल्लाहट' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है- आहट। आहट प्रत्यय के उदाहरण हैं -चिकनाहट, घबराहट, चिल्लाहट, कड़वाहट।

**S72. Ans.(a)**
**Sol.** 'पवित्र' शब्द में प्रत्यय है- इत्र। 'इत्र' प्रत्यय वाले शब्दों के उदाहरण हैं-चरित्र, पवित्र, खनित्र।

**S73. Ans.(b)**
**Sol.** जो शब्दांश किसी मूल शब्द के पहले जुड़कर उसके अर्थ मैं परिवर्तन या विशेषता उत्पन्न कर देते हैं, उन शब्दांशौं को उपसर्ग कहते हैं। "अधिक या आगे" अर्थ वैशिष्ट्य बताने वाला उपसर्ग 'प्र' है, इसके उदाहरण हैं -प्रख्यात, प्रबल, प्रस्थान, प्रकृति।

**S74. Ans.(c)**
**Sol.** 'निर्वाह' शब्द में 'निर्' उपसर्ग है। 'निर्' उपसर्ग का अर्थ अभाव, बिना, बाहर, निषेध है, इसके उदाहरण हैं- निरपराध, निर्जन, निराकार, निर्गुण।

**S75. Ans.(a)**

**Sol.** प्रत्यय= प्रति (साथ में पर बाद में)+ अय (चलनेवाला) शब्द का अर्थ है,पीछे चलना। जो शब्दांश शब्दों के अंत में विशेषता या परिवर्तन ला देते हैं, वे प्रत्यय कहलाते हैं। जैसे- दयालु= दया शब्द के अंत में आलु जुड़ने से अर्थ में विशेषता आ गई है। अतः यहाँ 'आलू' शब्दांश प्रत्यय है। प्रत्ययों का अपना अर्थ कुछ भी नहीं होता और न ही इनका प्रयोग स्वतंत्र रूप से किया जाता है। झगड़ालू शब्द में आलू प्रत्यय का प्रयोग हुआ है, जिसका अर्थ है 'करने वाला' अर्थात झगड़ालू शब्द में प्रत्यय का अर्थ है झगड़ा करने वाला। 'आलू' प्रत्यय के उदाहरण हैं – दयालू, लजालू, रतालू, सियालू।

**S76. Ans.(a)**

**S77. Ans.(a)**

**S78. Ans.(c)**

**S79. Ans.(c)**

**S80. Ans.(a)**

**S81. Ans.(c)**

**S82. Ans.(d)**

**S83. Ans.(b)**

**S84. Ans.(b)**

**S85. Ans.(d)**

**S86. Ans.(c)**

**Sol.** यहाँ 'हाथी सोती है' के स्थान पर 'हाथी सोता है' का प्रयोग उचित है।

**S87. Ans.(c)**

**Sol.** अकर्मक क्रिया – अकर्मक क्रिया के साथ कर्म नहीं होता है तथा उसका फल कर्ता पर पड़ता है या वह क्रिया जिनको करने के लिए कर्म की आवश्यकता नहीं होती, अकर्मक क्रिया कहलाती है। । जैसे – 'ज्योति रोती है', इस वाक्य में कर्म का अभाव है तथा रोती है क्रिया का फल राधा पर पड़ता है।

**S88. Ans.(d)**

**Sol.**सकर्मक क्रिया – जिस क्रिया के साथ कर्म हो या कर्म की संभावना हो तथा जिस क्रिया का फल कर्म पर पड़ता हो, या वे क्रिया जिनको करने के लिए कर्म की आवश्यकता होती है सकर्मक क्रिया कहलाती है। अर्थात इन क्रियाओ का असर सीधा कर्म पर पड़ता है। उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं। जैसे 'राम फल खाता है', इस वाक्य में खाना क्रिया के साथ फल कर्म है।

**S89. Ans.(a)**

**Sol.**पूर्वकालिक क्रिया = जब किसी वाक्य में दो क्रियाएँ प्रयुक्त हुई हों तथा उनमें से एक क्रिया दूसरी क्रिया से पहले सम्पन्न हुई हो, तो पहले सम्पन्न होने वाली क्रिया पूर्वकालिक क्रिया कहलाती है। उदाहरण: मैं खाना पका कर पढ़ने लगा। यहाँ पढ़ने से पूर्व खाना पकाने का कार्य हो गया अतः पकाना क्रिया पूर्वकालिक क्रिया कहलाएगी।

**S90. Ans.(d)**

**Sol.अकर्मक क्रिया –** अकर्मक क्रिया के साथ कर्म नहीं होता है तथा उसका फल कर्ता पर पड़ता है या वह क्रिया जिनको करने के लिए कर्म की आवश्यकता नहीं होती, अकर्मक क्रिया कहलाती है। । जैसे 'राम सोता है' इस वाक्य में 'राम' कर्ता है , 'सोने' की क्रिया उसी के द्वारा पूरी होती है। अत: सोने का फल भी उसी पर पड़ता है। इसलिए , 'सोना' क्रिया अकर्मक है।

**S91. Ans.(b)**

**S92. Ans.(c)**

**S93. Ans.(c)**

**S94. Ans.(b)**

**S95. Ans.(b)**

**S96. Ans.(c)**

**S97. Ans.(a)**

**S98. Ans.(d)**

**S99. Ans.(d)**

**S100. Ans.(b)**